हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार 2 जुलाई 2026

11 बिजली दुरुस्त नहीं करने से तिगड़ाना के लोगों में रोष



12 ड्यूटी के प्रति लापरवाह पटवारी के खिलाफ ...



### मांगों को लेकर धरने पर बैठे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

# चार माह का वेतन नहीं मिलने पर फूटा स्वास्थ्य कर्मचारियों का गुस्सा

*2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल, प्रदर्शन कर सीएमओ को ज्ञापन सौंप मांगा वेतन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के सब्र का बांध अब पूरी तरह से टूट चुका है। पिछले करीबन चार महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण भुखमरी की कगार पर पहुंचे जिला भिवानी के नागरिक अस्पताल और विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत जिला के करीबन 234 कर्मचारियों का गुस्सा बुधवार को सडक़ों पर फूट पड़ा। इस घोर प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ हरियाणा स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ ने सीधे तौर पर जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

बुधवार को कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर न केवल जोरदार प्रदर्शन किया, बल्कि 2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल कर स्वास्थ्य सेवाओं को ठप रखा। इसके बाद कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द बकाया मानदेय जारी करने की गुहार लगाई। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला प्रधान दीपक तंवर ने किया।

जिला प्रधान दीपक तंवर ने बेहद कड़े शब्दों में प्रशासन और सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और अमानवीय है कि भिवानी जिले के स्वास्थ्य विभाग में दिन-रात जनता की सेवा करने वाले 234 कर्मचारियों को पिछले चार महीनों से एक धेला तक नहीं मिला है। प्रशासन को यह सोचना चाहिए कि बिना वेतन के कोई भी गरीब कर्मचारी अपने परिवार का पेट कैसे पालेगा। बच्चों की स्कूल फीस, राशन, दवाई और बिजली के बिल जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए हमारे साथियों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। दुकानदार अब हमें उधार देने से मना कर रहे हैं। कर्मचारियों का सब्र अब पूरी तरह जवाब दे चुका है।

जिला प्रधान दीपक तंवर ने कहा कि जब वे सीएमओ को ज्ञापन देने पहुंचे तो सीएमओ ने आश्वासन देने के बजाय फिर से एक नया पेंच फंसा दिया। सीएमओ का कहना है कि सभी कर्मचारी अपनी फैमिली आईडी अपडेट करवाएं। जबकि कर्मचारी पहले भी एक बार नहीं, बल्कि कई-कई बार अपनी फैमिली आईडी अपडेट करवा कर विभाग में जमा करवा चुके हैं। इस रोष प्रदर्शन के दौरान सर्व कर्मचारी संघ पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष सुखदर्शन सरोहा, राज्य सचिव लोकेश, जिला प्रधान सुमेर आर्य, जिला सचिव धर्मवीर सिह भाटी, भिवीन ब्लॉक प्रधान अशोक गोयत, डिपो प्रधान अनिल फौजी, सचिव अनिल नागर, वरिष्ठ उपप्रधान सोमबीर, प्रधान अनिल बागड़ी, यूनिट प्रधान रविंद्र यादव, सबू यूनिट प्रधान मनदीप, रामचंद्र यादव, जसबीर यादव, बिजेंद्र गिल, राधेश्याम, रामकिशन रोड़वेज, सोनू रोडवेज, रविंद्र जिला प्रधान एमपीएचडब्ल्यू, कुलदीप एमपीएचडब्ल्यु, राजकुमार चांगिया सहित अन्य कर्मचारियों ने भी समर्थन दिया तथा कहा कि यदि कौशल रोजगार निगम के तहत लगे इन कर्मचारियों का शोषण बंद नहीं हुआ और अगले कुछ दिनों में इनके खातों में वेतन नहीं आया, तो पूरे जिले के अन्य विभागों के कर्मचारी भी इस आंदोलन में कूदने से पीछे नहीं हटेंगे। स्वागत और शांतिपूर्ण दौर अब बीत चुका है, अब आर-पार की लड़ाई होगी।

इस अवसर पर अजय केहरपुरिया, प्रवीण बडेसरा, संदीप, प्रदीप, कर्मवीर, लक्की, नीरज, राखी, निशा, पूनम, सोनिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने राज्यव्यापी आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी दी

- मुख्यमंत्री ने 15 जून को गुरुग्राम में कच्चे कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा पत्र देने का किया था वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के हजारों अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले जिला मुख्यालयों पर उपायुक्त के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी लंबित मांगों के समाधान की मांग की। संघ के प्रदेश प्रचार मंत्री प्रदीप कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 15 जून को गुरुग्राम में कच्चे कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा पत्र देने का वादा पूरा नहीं हुआ, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो प्रस्तावित चक्का जाम की जिम्मेदारी सरकार की होगी। ज्ञापन में एचकेआरएनएल के वार्ड सर्वेंट और सफाई कर्मचारियों के जबरन तबादलों पर रोक लगाने तथा पांच वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को 'सेवा सुरक्षा अधिनियम-2024' के तहत स्थायी नौकरी की गारंटी देने की मांग की गई। इसके हर माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। कर्मचारियों ने तकनीकी स्टाफ को लेवल-3 में अपग्रेड करने, समान वर्दी, धुलाई, जोखिम व पोस्टमार्टम भत्ता, आयुष्मान या चिरायु कार्ड, नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं, 10-12 घंटे की शिफ्ट समाप्त करने, रिक्त पद भरने, दिवंगत कर्मचारी के परिवार को मुआवजा तथा सेवानिवृत्ति पर 11 लाख रुपये सम्मान राशि और 21 हजार रुपये विदाई सहायता देने की भी मांग की।

### ये कर्मचारी रहे उपस्थित

इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के प्रांत मंत्री हवा सिंह तंवर, भिवानी जिला महामन्त्री संदीप बागनवाला , अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ भिवानी के जिला अध्यक्ष आबिद खान, जिला कोषाध्यक्ष बलवंत बरदू , जिला सचिव भूप सिंह, जिला उपाध्यक्ष संत कुमार, प्रेस सचिव रवि कुमार, शोभा देवी, वीरेंद्र जमालपुर, ढुलीचंद तोशाम , हुसेन बवानीखेड़ा, दीपक मानहेरू और संदीप कैरू समेत बहुत संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

# आंबेडकर पार्क कट को खोलने, बिजली संकट से निजात की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** घटिया निर्माण सामग्री दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

भिवानी के सेक्टर-13 स्थित सामुदायिक भवन में सेक्टर-13, न्यू हाउसिंग बोर्ड, वीकर सेक्शन और सेक्टर-23 के निवासियों की बैठक पूर्व नगर परिषद चेयरमैन विजय पंचगावा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रशासन, बिजली विभाग और एचएसवीपी के खिलाफ क्षेत्रवासियों ने नाराजगी जताई।

मुख्य मुद्दा डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के पास स्थित कट को बंद किए जाने का रहा। विजय पंचगावा ने कहा कि यह मार्ग वर्षों से हजारों लोगों के लिए प्रमुख आवागमन का रास्ता रहा है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था और जनसहमति के इसे बंद करना जनविरोधी निर्णय है। उन्होंने सुझाव दिया कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यहां किसी महान विभूति के नाम पर आधुनिक चौक बनाया जाए। बैठक में क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती पर भी रोष व्यक्त किया गया। पंचगावा ने कहा कि 19 जून को उपायुक्त के समक्ष समस्या उठाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने फॉल्ट ठीक करने, जर्जर तार बदलने, पेड़ों की छंटाई और सब-स्टेशन के नियमित रखरखाव की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि 5 जुलाई तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 6 जुलाई से सेक्टर-13 बिजली पावर हाउस के सामने अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू किया जाएगा।

बैठक में चिरंजीलाल सांवरिया, सत्यवान हसान, ओमप्रकाश पोपली, डॉ. हरज्ञान सिंह ग्रेवाल, राम अवतार मेहंदिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# विद्या नगर और कीर्ति नगर कालोनी में सप्ताह से ठप्प पीने के पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जनसंघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में विद्या नगर कालोनी वासियों ने कालोनी में पिछले एक सप्ताह से पीने के पानी की आपूर्ति नहीं होने से महिलाओं ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियन्ता कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और शीघ्र पानी आपूर्ति बहाल नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना लगाने की चेतावनी दी। जनसंघर्ष समिति भिवानी के जिला संयोजक व माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने बताया कि विभाग के पास पानी प्रैशर मोटर खराब होने पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है और अधिकारी हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते हैं और नागरिक उनके पास पानी नहीं आने की शिकायत करते हैं तो उनको यही जवाब मिलता है कि बस आज खराब मोटरें ठीक करवा दी या अन्य जगह से मंगवा कर पानी प्रेशर बनाया जाएगा।

### पानी छोड़ने का भी कोई निश्चित समय नहीं

जब वे विभाग के पास उच्च अधिकारियों से मिलने गए तो वहां अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियन्ता व एसडीओ में कोई अधिकारी नहीं मिला , बल्कि उनको बताया कि वे एक घण्टा इन्तजार करें , तभी एस डीओ मिलेगा और आपका ज्ञापन लेगा। उन्होंने अपनी मांग का ज्ञापन जेई ताजदीन को ही देना पड़ा और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी छोड़ने का भी कोई निश्चित समय नहीं होता है , कभी रात के 12.30 बजे छोड़ते हैं और कभी प्रातः 4 बजे छोड़ देते हैं । सारी रात महिलाएं पानी का इन्तजार करती रहती हैं और के रात के समय नींद भी नहीं ले सकती। लोगों ने मांग की कि प्रातः 6 बजे या सांयकाल 6 बजे पानी छोड़ा जाए।

## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर 5 को

**भिवानी।** सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट व वंशिका फाउंडेशन पांच जुलाई रविवार को चौधरी बंसीलाल सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाएगा। सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल व वंशिका फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष वर्मा ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, जिसके चलते ब्लड बैंकों में रक्त की मांग बढ़ जाती है। उन्होंने बताया की थेलसीमिया, डायलीसिस, गर्भवती महिलाओ व अन्य बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को ब्लड की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जिसके माध्यम से हम न केवल दूसरों का जीवन बचा सकते है, बल्कि रक्तदाता स्वयं भी हृदय सहित विभिन्न बीमारियों से बच सकता है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसो. की बैठक कल

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन जिला भिवानी की बैठक 3 जुलाई शुक्रवार को यहां नेहरू पार्क में प्रातः10 बजे एसोसिएशन के जिला प्रधान बालमुकुंद बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के जिला महासचिव आर.के.चावला ने दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में निगम के अधिकारियों के अड़ियलरवैये के बारे में सदस्यों को अवगत करवाया जाएगा। क्योंकि बार-बार एजेंडे देने के बावजूद पेंशनर्ज के कार्य नहीं किए जाते।

### डिटेक्टिव स्टाफ ने यात्री की जेब से रुपये चुराने के मामले में दो पकड़े

**लोहारू।** डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने बस में यात्री की जेब से रुपये चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 5500 रुपये की राशि बरामद की तथा दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तोशाम क्षेत्र के गांव रोढ़ा निवासी मुंशीराम ने तोशाम थाने में शिकायत देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बस में भीड़ के दौरान तीस हजार रुपये की नकदी निकालने की शिकायत दी थी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

#### न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

जांच अधिकारी मुख्य सिपाही प्रमोद कुमार ने जिला कारागार भिवानी के सामने से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान बड़सी निवासी नरेश और थुराना निवासी नरेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 5500 रुपये की राशि बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### कादमा में शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**बाढ़ड़ा।** गांव कादमा में रात्रि को शार्ट सर्किट से लगी आग से दुकान का सामान जलकर राख हो गया। सुबह पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुलिस स्टेशन व एसडीएम कार्यालय में शिकायत देकर नुकसान की क्षतिपूर्ति करने की मांग की। गांव ऊण निवासी मुनेश जांगड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कादमा बस स्टैंड पर श्रीबाला फैशन गारमेंट एवं शू पेलेस के नाम से दुकान चलाया हैं और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह रात्रि को अच्छी तरह दुकान बंद करके घर पर गया था और 30 जून को माह का अंतिम दिन होने के कारण दुकान बंद थी। आज सुबह वह दुकान पर पहुंचा और ताला खोला तो अंदर देखा कि सारी दुकान धुएं व आग की लपटों से घिरी हुई थी। सरपंच प्रतिनिधि महेश कुमार, मंजीत ऊण, रमेश, यश, प्रीतम, मुकेश व लीलाराम आदि दुकानदारों को मौके पर बुलाया तथा फायर ब्रिगेड को सूचित किया, जिस पर पुलिस व फायर ब्रिगेड ने शीशे तोड़कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अंदर रखा सामान जलकर राख हो चुका था। दुकान ने दुकान बंद होने और शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग की घटना से हुए नुकसान का जायजा लिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी। सामाजिक संगठनों ने पुलिस स्टेशन व एसडीएम कार्यालय में शिकायत देकर नुकसान की क्षतिपूर्ति करने की मांग की।

> सामाजिक संगठनों ने पुलिस स्टेशन व एसडीएम कार्यालय में शिकायत देकर नुकसान की क्षतिपूर्ति करने की मांग की

# जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर 12,653 परीक्षार्थी देंगे एचटेट का इम्तिहान

*चार और पांच को होगी परीक्षा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में चार व पांच जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2025 को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसी ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, फ्रिक्सिंग और बायोमेट्रिक सुचारू से होने चाहिए, ये सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय में सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त स्टाफ सदस्यों की पुलिस वेरीफिकेशन होगी। उन्होंने कहा कि एचटेट में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिले के इन संस्थानों में होगा भावी शिक्षकों का पर्चा

जिले में वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिवानी, बंसीलाल विश्वविद्यालय न्यू कैंपस, प्रेम नगर, हलवासिया विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहतक गेट, केएम पब्लिक स्कूल हांसी गेट, महाराजा नीमपाल सिंह (एम.एन.एस.) राजकीय महाविद्यालय, हांसी रोड, द टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल एंड साइंस (टीआईटी एंड एस), बिडला कॉलोनी, तोशाम रोड, वैश्य कॉलेज भिवानी, करियर प्लेनेट पब्लिक स्कूल महम रोड, डी.ए.वी. सेंचुरी पब्लिक स्कूल कोंट रोड़ व डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, देवसर मोड़, लोहारू रोड, लिटिल हार्ट पब्लिक स्कूल, कुसुम्भी मोड़, देवसर तथा लिटिल हार्ट इंटरनेशनल स्कूल, हुडा सेक्टर-13, शामिल हैं।

### 9,151 महिला एवं 3,502 पुरुष अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

चार व पांच जुलाई को जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर एचटेट की परीक्षा होगी। जिले में कुल 12,653 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, इनमें 9,151 महिला एवं 3,502 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। चार जुलाई (लेवल-3/पीजीटी) को 13 केंद्रों पर 4,096 अभ्यर्थी और पांच जुलाई (लेवल-2/टीजीटी) को 21 केंद्रों पर 6,636 अभ्यर्थी व पांच जुलाई (लेवल-1/पीआरटी) को 6 केंद्रों पर 1,027 अभ्यर्थी परीक्षा देंगें। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, बिजली, पेयजल, चिकित्सा एवं यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बैठक में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, डीएसपी अनूप कुमार, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, दमकल अधिकारी रमन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### फसलों को सिंचाई की थी जरूरत, पारा 41 से 34 डिग्री सेल्सियस पर आया

# बूंदाबांदी से लुढ़का पारा, गर्मी से मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बुधवार को हल्की बूंदाबांदी ने पारे को सात डिग्री लुढ़का दिया। पारा एकदम नीचे आने की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। साथ ही उमस से पूरी तरह से छुटकारा मिल गया।

दूसरी तरफ हल्की बूंदाबांदी से किसानों की फसलों में बहुत फायदा होगा। क्योंकि फिलहाल ज्यादा गर्मी की वजह से खरीफ फसलों को सिंचाई की बेहद ज्यादा जरूरत थी। आज हल्की बूंदाबांदी ने पूरी कर दी। जिससे किसानों के चेहरे पूरी तरह से खिल उठे। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त हल्की बूंदाबांदी के साथ हवा चल रही थी कि लोगों को लगा कुछ देर बाद हल्की बूंदाबांदी बंद हो जाएगी,लेकिन करीब एक घंटे तक हल्की बूंदाबांदी रूक रूक कर होती रही। जिससे पारा 41 डिग्री सेल्सियस से लूढक कर एकदम 34 डिग्री सेल्सियस पर आ पहुंचा। जिस वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। क्योंकि पिछले कई दिनों गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा था। आज सुबह जो हल्की बूंदाबांदी हुई है।



### फसलों में होगा फायदा,बढ़ेगी पैदावार

इस वक्त जो हल्की बूंदाबांदी हुई है। इसका सीधा फायदा खरीफ फसलों की पैदावार पर पड़ेगा। क्योंकि इस वक्त ज्वार, बाजरा, कपास व अन्य फसलों में फुटाव बन रहा है। बारिश से फुटाव बढेगा और उसके बाद उसकी औसतन पैदावार में काफी बढौतरी होगी। आज हल्की बारिश हुई है। इससे फसलों का फुटाव बढेगा और पैदावार में बढौतरी होगी। साथ ही मौसम बदलने की वजह से फसलों में रौनक आएगी। क्योंकि विगत में ज्यादा गर्मी की वजह से फसलों की बढवार अटकी हुई थी। अब फसलों की बढवार भी शुरू हो जाएगी।

### उमस छू मंतर हुई

उससे गर्मी से राहत मिली। साथ में धीमी गति से हवा चलने की वजह से उमस छू मंतर हो गई। लोगों को उमस से राहत मिल गई। यहां यह बताते चले कि मौसम व वातावरण में ज्यादा नमी होने की वजह से उमस बनती है।

### जमालपुर रोड पर 11 केवी लाइन का तार टूटा, बड़ा हादसा टला



**बवानीखेड़ा।** जमालपुर रोड स्थित 11 केवी बिजली लाइन का एक और तार टूट जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। गनीमत रही कि घटना के समय वहां से कोई राहगीर या वाहन नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी इसी लाइन में तकनीकी खराबी और तार टूटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लोगों का कहना है कि जर्जर हो चुकी बिजली लाइन और उपकरण कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। उन्होंने बिजली निगम से मांग की है कि पूरे फीडर का निरीक्षण कर कमजोर तारों और पुराने उपकरणों को तुरंत बदला जाए। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित बिजली विभाग के कर्मचारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली निगम से अपील की है कि बरसात और तेज हवाओं के मौसम को देखते हुए सभी 11 केवी लाइनों की विशेष जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की जनहानि या बड़े हादसे से बचा जा सके। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है।



उमस भरी गर्मी में हैवी वर्कआउट करने से डिहाइड्रेशन की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए आपको वर्कआउट करने से पहले लिक्विड डाइट जरूर लेना चाहिए। इससे आपकी बॉडी में हाइड्रेशन लेवल मेंटेन रहेगा।

# प्री-वर्कआउट ड्रिंक्स बॉडी रहेगी हाइड्रेटेड

सजेशन

ललिता गोयल

शरीर को फिट रहने के लिए कुछ लोग जिम में हैवी वर्कआउट जरूर करते हैं, लेकिन इस दौरान अगर वे खाली पेट रहते हैं, शरीर के लिए सही नहीं होता है। इसके कारण वे कमजोरी महसूस कर सकते हैं और उनका ब्लड प्रेशर भी लो हो सकता है। हाइड्रेशन लेवल कम होने पर वे बेहोश भी हो सकते हैं। इससे बचने के लिए जिम में वर्कआउट करने से पहले कुछ नेचुरल प्री-वर्कआउट ड्रिंक्स पीना फायदेमंद होता है, जो वर्कआउट के दौरान एनर्जी लेवल बढ़ाने में मदद करते हैं। लेकिन अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या रहती है तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही इनका सेवन करें।



**नीबू पानी:** नीबू पानी में विटामिन-सी मौजूद होता है, जो बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट लेवल बढ़ाने में मदद करता है। नीबू पानी में थोड़ा-सा शहद और चुटकी भर नमक



मिला लेने से यह एक बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक बन जाता है, जो शरीर को डिटॉक्स और हाइड्रेट करता है और वर्कआउट के लिए जरूरी एनर्जी भी देता है।

**नारियल पानी:** बॉडी में एनर्जी लेवल नेचुरली बढ़ाने के लिए नारियल पानी सबसे अच्छा माना जाता है, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की उच्च मात्रा, सोडियम और मैग्नीशियम होता है, साथ ही इसमें मौजूद नेचुरल शुगर शरीर में एनर्जी के लेवल को मेंटेन रखती है। इलेक्ट्रोलाइट्स का यह नेचुरल सोर्स शरीर में हाइड्रेशन और एनर्जी को बनाए रखता है, जिससे वर्कआउट करने में आसानी होती है।

**गोंद कतीरा ड्रिंक:** इस मौसम में बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए गोंद कतीरा को भी प्री-वर्कआउट ड्रिंक के रूप में लिया जा सकता है। यह पानी ज्यादा सोखता है इसलिए इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेट रहती है, कूलिंग इफेक्ट मिलता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट से बॉडी में एनर्जी मेंटेन रहती है और इसमें मौजूद फाइबर डाइजेशन ठीक रखने में भी मदद करता है। पानी में चिया सीड्स, नीबू और गोंद कतीरा डालकर हेल्दी ड्रिंक बनाया जा सकता है।

**सत्तू शरबत:** प्रोटीन इनटेक बढ़ाने के लिए सत्तू का शरबत एक बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक ऑप्शन है। इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेटेड रहती है और वर्कआउट के बाद कमजोरी महसूस नहीं होती है।

**बेल का शरबत:** उमस भरी गर्मी के लिए बेल का शरबत एक सुपरड्रिंक है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ डिहाइड्रेशन से बचाता है। बेल के शरबत में मौजूद नेचुरल शुगर तुरंत एनर्जी देती है और वर्कआउट से पहले इसे पीने से डाइजेशन भी सही रहता है।

**ग्रीन टी:** ग्रीन टी एक बेहद हेल्दी और लो कैलोरी प्री-वर्कआउट ड्रिंक है। ग्रीन टी, कैफीन और एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा



सोर्स होती है, जो वर्कआउट के दौरान एनर्जी बढ़ाने और फोकस करने में मदद करती है।

**तरबूज का जूस:** तरबूज का जूस प्री-वर्कआउट के लिए एक टेस्टी और हेल्दी ऑप्शन है। तरबूज में 90 प्रतिशत से अधिक पानी होता है और इसका जूस पीने से शरीर तुरंत हाइड्रेट हो जाता है और इसमें मौजूद लाइकोपीन, विटामिन ए और सी शरीर को एनर्जी देते हैं। *

**(जिम इंस्ट्रक्टर राहुल चौहान से बातचीत पर आधारित)**

---

वैसे तो कोई भी दवा बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं लेनी चाहिए। लेकिन कफ सिरप को लेकर और सावधानी बरतने की जरूरत होती है। खासतौर पर बच्चों को कफ सिरप का सेवन डॉक्टर के निर्देशानुसार ही कराना चाहिए। कफ सिरप कब हार्मफुल हो सकता है, इसका सेवन करते समय किन बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, यहां डिटेल में बताया जा रहा है।

# डॉक्टर की सलाह के बिना ना करें कफ सिरप का सेवन

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. लोकेश महाजन
वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद

हाल ही में भारत सरकार ने ड्रग्स रूल्स 1945 में संशोधन करते हुए ड्रग्स रूल्स 2026 लागू किया है। जिसके तहत देश भर में अब किसी भी मेडिकल स्टोर पर सिरप आधारित दवाओं (विशेषकर कफ सिरप) की ओवर-द-काउंटर ब्रिकी को निषेध किया गया है। यानी डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना कोई भी सिरप दवाई नहीं मिलेगी। केंद्र सरकार ने यह फैसला मूलतया नकली या कहें मिलावटी कफ सिरप पीने से होने वाली मौतों के आधार पर लिया है। लोगों की जान बचाने और दवाओं के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है।

## दूषित सिरप से बच्चों की मौतें

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अन्य देशों में ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें कुछ कफ सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल और इथाइलीन ग्लाइकॉल जैसे जहरीले रसायन पाए गए। इनसे बच्चों में किडनी फेल होने और मृत्यु तक की कुछ घटनाएं सामने आईं। ऐसे में हम सभी अगर जरूरी सावधानियां बरतें तो दवाओं से होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचे रह सकते हैं।

## गाइडलाइन का क्या है उद्देश्य

लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने सभी सिरपों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, केवल उनकी बिक्री को डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन से जोड़ दिया है ताकि उनका सुरक्षित उपयोग हो सके। सरकार की हाल में दी गई नई गाइडलाइन के पीछे पांच बड़े उद्देश्य बताए जा रहे हैं।

- दूषित सिरप से होने वाली मौतों की रोकथाम।
- बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो।
- सेल्फ-मेडिकेशन या मेडिकल स्टोर जाकर स्वयं दवा लेने की आदत कम करना।
- सिरप के दुरुपयोग को रोकना और नशे की समस्या पर नियंत्रण करना।
- दवाओं की गुणवत्ता तथा उसके सही वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखना।

## कफ सिरप तब होता है हार्मफुल

विशेषज्ञ मानते हैं कि शरीर की खांसी एक प्राकृतिक रक्षा प्रणाली भी है। इसलिए बार-बार कफ सिरप पीना, खुराक बढ़ा देना या कई कफ सिरप एक साथ लेना नुकसानदायक हो सकता है। सिरप अलग-अलग तरह के कंसंट्रेशन और डोज के साथ आते हैं। इन्हें लंबे समय तक, गलत तरीके से (जैसे-छोटे-बड़े सबको एक समान), ज्यादा मात्रा में या डॉक्टर की सलाह के बिना लिया जाए, तो कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। यहां तक कि व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। हाल के वर्षों में जिन सिरपों ने सबसे अधिक चिंता पैदा की, उनमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल, एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले घटक पाए गए हैं। जिनसे किडनी-लिवर फेलियर, ब्लड प्रेशर-हार्ट रेट बढ़ना, मस्तिष्क को नुकसान, दौरे पड़ना, मृत्यु तक हो सकती है। कुछ कफ सिरप में कोडीन नामक दवा होती है। यह खांसी को दबाने में मदद करती है, लेकिन अधिक मात्रा में लेने पर नशे जैसी स्थिति पैदा कर सकती है। अत्यधिक नींद और सुस्ती आ सकती है। सांस



लेने की गति धीमी हो सकती है। व्यक्ति को इसकी लत लग सकती है।

डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन नामक रासायनिक घटक भी कई कफ सिरप में पाया जाता है। इसे अधिक मात्रा में लेने पर चक्कर आना, कंफ्यूजन होना, व्यवहार में बदलाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा क्लोरफेनिरामाइन, डाइफेनहाइड्रामाइन एंटीहिस्टामिन जैसी दवाएं एलर्जी और खांसी के उपचार में दी जाती हैं। इनसे अधिक नींद, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कंफ्यूजन जैसी स्थिति पैदा कर सकती हैं। स्वाद बढ़ाने के लिए कई सिरपों में काफी मात्रा में चीनी मिलाई जाती है। इससे मधुमेह रोगियों को परेशानी हो सकती है। बच्चों में दांतों की समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## किन्हें है ज्यादा खतरा

डॉक्टर की सलाह के बिना कफ सिरप लेने के दुष्प्रभावों का जोखिम मूलतया कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अधिक होता है जैसे छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, अस्थमा रोगी, किडनी, लिवर या गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति। इसलिए ऐसे लोग पूरी सावधानी बरतें।

## इन बातों का रखें विशेष ध्यान

कफ सिरप का सेवन करने से पहले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

- खांसी के कारण का पता लगाएं। किसी भी सिरप को सुरक्षित या सामान्य मानकर बार-बार न लें। खांसी शरीर का एक संकेत है, बीमारी नहीं। इसलिए केवल खांसी दबाने के बजाय उसके कारण का पता लगाकर उपचार कराना अधिक महत्वपूर्ण है।
- यदि आप पहले से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, किडनी, लिवर या हृदय रोग की दवाएं ले रहे हैं, तो डॉक्टर को इसकी जानकारी दें। कुछ सिरप अन्य दवाओं के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं।
- डॉक्टर की सलाह के बिना कोई कफ सिरप न लें। खांसी-जुकाम या गले की खराश होने पर हर बार सिरप लेना जरूरी नहीं होता। खांसी कई बार एलर्जी, अस्थमा, टीबी, निमोनिया, एसिडिटी या किसी अन्य बीमारी का लक्षण भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच कराए बार-बार स्वयं दवा लेने से बचें।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी सिरप नहीं लेना चाहिए।
- बुजुर्गों में किडनी और लिवर की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसलिए दवा का प्रभाव अधिक हो सकता है। उन्हें डॉक्टर द्वारा निर्धारित की गई मात्रा में ही किसी भी तरह के सिरप का सेवन करना चाहिए।
- सिरप ही नहीं कोई भी दवा खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट, बैच नंबर और निर्माता कंपनी की जानकारी अवश्य जांचें। एक्सपायर सिरप का उपयोग न करें। बोतल की सील टूटी हुई न हो और पैकिंग सही अवस्था में हो। यदि सिरप का रंग, गंध या स्वाद असामान्य लगे। तो उसका उपयोग न करें।
- निर्धारित मात्रा से अधिक किसी दवा का सेवन कभी न करें। कुछ लोग यह सोचकर अधिक मात्रा में सिरप पी लेते हैं कि जल्दी आराम मिलेगा। ऐसा करना खतरनाक हो सकता है और दुष्प्रभावों का जोखिम बढ़ा सकता है।
- बच्चों को विशेष सावधानी से दवा दें। बच्चों के लिए दवा की मात्रा उम्र और वजन के अनुसार तय होती है। कभी भी बड़े लोगों वाली दवा बच्चों को न दें और न ही अनुमान से खुराक तय करें।



- कोई भी सिरप पिलाने के लिए मापने वाले सही चम्मच या कप का ही उपयोग करें। कई लोग घर के सामान्य चम्मच से सिरप पी लेते हैं। इससे दवा की मात्रा कम या अधिक हो सकती है। हमेशा दवा के साथ मिलने वाले मापने वाले कप, ड्रॉपर या माप वाले चम्मच का ही उपयोग करें।
- किसी दूसरे व्यक्ति के लिए लिखी गई दवा स्वयं न लें और इसी तरह अपनी दवा किसी अन्य को रोगी को न दें। एक जैसी खांसी होने पर भी कारण अलग-अलग हो सकते हैं।
- यदि सिरप लेने के बाद अत्यधिक नींद, चक्कर, सांस लेने में कठिनाई, त्वचा पर चकत्ते, सूजन या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**



### खतरनाक है सेल्फ मेडिकेशन

कई लोग खांसी-जुकाम या बुखार होने पर बिना डॉक्टर से सलाह लिए सीधे मेडिकल स्टोर से सिरप खरीद लेते हैं। कई बार बीमारी का सही कारण जाने बिना दवा लेने से समस्या बढ़ सकती है। वास्तव में सेल्फ मेडिकेशन बहुत खतरनाक हो सकता है, इसलिए इससे बचा जाना जरूरी है। कुछ सिरप में ऐसे घटक होते हैं, जो अधिक मात्रा में लेने पर नशे जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं। इसलिए इनके दुरुपयोग और लत की आशंका भी रहती है।

---

हेल्थ अवेयरनेस

शिखर चंद जैन

हमारे शरीर की कोशिकाओं में उपस्थित जीन में हमारे वर्तमान और भावी स्वास्थ्य की पिक्चर कोड के रूप में मौजूद रहती है। आने वाले समय में जीन मैपिंग और एडिटिंग के जरिए अनेक बीमारियों का पूर्वानुमान लगाकर उसको पनपने से भी रोका जा सकेगा।

# जीन तय करते हैं कैसा होगा स्वास्थ्य

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने आज उस रहस्यमयी चाबी को खोज लिया है, जो हमारे स्वास्थ्य और आयु के छिपे रहस्यों के राज खोल सकती है। ये चाबी और कुछ नहीं हमारे 'जीन' हैं। हमारी जीन कुंडली में हमारे जीवन का इतिहास, वर्तमान और भविष्य लिखा है। विज्ञान की भाषा में इसे 'जेनेटिक ब्लूप्रिंट' कहा जाता है, जो न केवल हमारी शारीरिक बनावट तय करता है, बल्कि यह भी निर्धारित करता है कि हम कितने साल जिएंगे और किन बीमारियों के प्रति संवेदनशील होंगे।

**क्या है जेनेटिक कुंडली:** चिकित्सा विज्ञान में जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिए व्यक्ति की सेहत की सटीक 'कुंडली' तैयार की जा सकती है। हमारे शरीर में बड़ी संख्या में जीन होते हैं। ये जीन डीएनए के बने होते हैं, जो प्रोटीन बनाने के निर्देश देते हैं। ये प्रोटीन ही तय करते हैं कि हमारी मांसपेशियां कितनी मजबूत होंगी, हमारा मेटाबॉलिज्म कैसा होगा और हमारा इम्यून सिस्टम कितना प्रभावी होगा।

**जीन से आयु का निर्धारण:** वैज्ञानिकों का मानना है कि मनुष्य की औसत आयु का लगभग 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा उसके आनुवंशिक गुणों पर निर्भर करता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग 100 वर्ष से अधिक जीवित रहते हैं, उनमें अक्सर 'फॉक्सो-3' नामक जीन का एक विशेष प्रकार पाया जाता है। इसे 'दीर्घायु जीन' भी कहा जाता है। यह जीन कोशिकाओं की मरम्मत करने और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही हमारे क्रोमोसोम के सिरों पर 'टेलोमेयर्स' नामक सुरक्षा कवच होते हैं। टेलोमेयर्स का सीधा संबंध इस बात से है कि



एआई इमेज

आपका शरीर कितनी तेजी से 'बूढ़ा' हो रहा है। इसकी प्रक्रिया कुछ इस तरह काम करती है, हमारा शरीर लगातार पुरानी कोशिकाओं को हटाकर नई कोशिकाएं बनाता रहता है। जब भी एक कोशिका दो भागों में बंटती है, तो उसके टेलोमेयर्स थोड़े छोटे हो जाते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, टेलोमेयर्स इतने छोटे हो जाते हैं कि कोशिकाएं अब और विभाजित नहीं हो पातीं। यहीं से बुढ़ापा शुरू होता है। अंग कमजोर होने लगते हैं और इम्यून सिस्टम थक जाता है। जिनके टेलोमेयर्स धीरे-धीरे छोटे होते हैं या लंबे समय तक सुरक्षित रहते हैं, वे लोग आमतौर पर ज्यादा समय तक जवान और स्वस्थ रहते हैं।

**मिलते हैं बीमारियों के पूर्व संकेत:** जेनेटिक मैपिंग का सबसे बड़ा लाभ बीमारियों के जोखिम को पहले से पता लगाना होता है।



**क्योर से प्रिवेंशन तक:** आने वाले 10-20 वर्षों में, स्वास्थ्य देखभाल का केंद्र अस्पताल नहीं, बल्कि हमारा अपना डेटा होगा। जीन एडिटिंग तकनीक के जरिए भविष्य में दोषपूर्ण जीन को गर्भ में ही ठीक करना संभव हो सकता है। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं, जहां बीमारी होने का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे होने से पहले ही रोक दिया जाएगा।

**कैंसर की पहचान:** 'बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2' जैसे जीन में म्यूटेशन स्तन और डिंबग्रंथि के कैंसर के उच्च जोखिम का संकेत देते हैं।

**हृदय रोग और मधुमेह:** यदि किसी के जीन में कोलेस्ट्रॉल प्रबंधन की क्षमता कम है, तो उसे कम उम्र में ही दिल के दौरे का खतरा हो सकता है, भले ही वह बाहर से फिट दिखे।

**अल्जाइमर और पार्किंसंस:** मस्तिष्क से जुड़ी इन जटिल बीमारियों के संकेतों को भी जेनेटिक टेस्टिंग के जरिए दशकों पहले पहचाना जा सकता है।

**पर्सनलाइज्ड मेडिसिन:** मौजूदा दौर में चिकित्सा पद्धति 'ट्रायल और एरर' पर आधारित है, यानी एक ही दवा सबको दी जाती है लेकिन फार्माकोजेनोमिक्स ने इसे बदल दिया है। जीन यह तय करते हैं कि आपका शरीर किसी दवा को कैसे प्रोसेस करेगा। कुछ लोगों पर एक विशेष दवा बहुत अच्छा असर करती है, जबकि दूसरों पर उसका कोई प्रभाव नहीं होता या साइड इफेक्ट हो जाते हैं। जेनेटिक प्रोफाइलिंग से डॉक्टर अब यह जान सकते हैं कि आपके लिए कौन-सी दवा और कितनी डोज सही रहेगी।

**एपिजेनेटिक्स:** सटीक सुझाव का वैज्ञानिक आधार एपिजेनेटिक्स वह विज्ञान है जो बताता है कि हमारे पर्यावरण और आदतों के कारण जीन कैसे 'ऑन' या 'ऑफ' होते हैं। मान लीजिए आपके जीन में टाइप-2 मधुमेह का जोखिम लिखा है। लेकिन यदि आप सही खान-पान और नियमित व्यायाम अपनाते हैं, तो आप उस 'खराब जीन' को सुप्त रख सकते हैं। अत्यधिक तनाव और खराब पर्यावरण हमारे अच्छे जीन को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

**कैसे होता है जेनेटिक टेस्ट:** जेनेटिक टेस्ट चार चरणों में पूरा होता है। पहले लार या खून का एक छोटा नमूना लिया जाता है। फिर लैब में कोशिकाओं से डीएनए को अलग किया जाता है। इसके बाद मशीनों के जरिए डीएनए के कोड्स को पढ़ा जाता है। अंत में विशेषज्ञ आपके डेटा की तुलना 'नॉर्मल डेटा' से करते हैं और बताते हैं कि आपके जीन में कहां गड़बड़ी या जोखिम है। जेनेटिक रिपोर्ट को कभी भी अंतिम फैसला न मानें। यह केवल 'जोखिम' बताती है। रिपोर्ट आने के बाद हमेशा एक योग्य जेनेटिक काउंसलर या डॉक्टर से सलाह लें। *



### तब देर से आएगा बुढ़ापा

**टेलोमेयर्स जब** देर से यानी धीमी गति से कमजोर-छोटे होते हैं तो बुढ़ापा भी देर से आता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, कुछ आदतें टेलोमेयर्स को तेजी से घिसने (छोटा होने) पर मजबूर करती हैं, जबकि कुछ आदतें उन्हें सुरक्षित रखती हैं। अत्यधिक मानसिक तनाव, सिगरेट और शराब का सेवन, बहुत ज्यादा चीनी और जंक फूड का सेवन, प्रदूषणयुक्त माहौल में रहने और सुस्त जीवनशैली से बचें। अनुशासित जीवनशैली अपनाएं और पौष्टिक भोजन करें।

---

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

वैसे तो विभिन्न योगासनों को डेली करने से अनेक फायदे मिलते हैं। लेकिन अगर आपके पास अधिक समय नहीं है तो लोंगेविटी और रिकवरी योगा से भी आप निरोगी तन-मन के साथ लंबा जीवन जी सकते हैं।

## निरोगी तन-लंबी उम्र का नया मंत्र

# लोंगेविटी और रिकवरी योगा



अनुलोम-विलोम     त्रिकोणासन

हालांकि आज के दौर में लोगों में अपनी हेल्थ को लेकर सजगता बढ़ी है लेकिन देखने में आता है कि जिम वर्कआउट और अच्छी डाइट लेने के बावजूद लोग बहुत जल्दी थक जाते हैं। नींद अच्छी नहीं आती है और छोटी उम्र में ही कई तरह की बीमारियों के चक्रव्यूह में फंस रहे हैं। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं कि लोंगेविटी और रिकवरी योगा के जरिए आप कैसे निरोगी तन-मन के साथ दीर्घायु पा सकते हैं?

**क्या है लोंगेविटी योगा:** लोंगेविटी का सीधा अर्थ लंबी उम्र से है। लेकिन यह लंबी उम्र केवल सालों की बढ़ती संख्या नहीं है बल्कि ऊर्जावान और रोगमुक्त जीवन ही लोंगेविटी है। इसलिए आजकल लोग स्वस्थ, ऊर्जावान और रोगमुक्त जीवन बिताने के लिए लोंगेविटी योगा पर फोकस कर रहे हैं। क्योंकि इसे करने से शरीर की हर प्रणाली-मांसपेशियां, हृदय, मस्तिष्क और हार्मोन लंबे समय तक संतुलित रहते हैं। लोंगेविटी योगा में कुछ अलग-अलग आसनों और प्राणायाम को शामिल किया जाता है। इससे शरीर का लचीलापन बढ़ता है, जोड़ों और हड्डियों को मजबूती मिलती है, ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनता है और हार्मोनल संतुलन को बनाए रखता है।



शवासन

**शामिल यौगिक क्रियाएं:** लोंगेविटी योगा में कुछ आसन और प्राणायाम शामिल होते हैं। जैसे-ताड़ासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन और अनुलोम-विलोम प्राणायाम का नियमित रूप से अभ्यास करना ही लोंगेविटी योगा कहलाता है। ये तीनों योगासन और अनुलोम-विलोम शरीर को न केवल स्वस्थ बल्कि पूरी तरह से सक्रिय रखते हैं। इस कारण जो भी व्यक्ति इन योगासनों को करता है, बढ़ती उम्र की जटिलताओं का आसानी से सामना कर लेता है।

**क्या है रिकवरी योगा:** रिकवरी योगा कोई अलग से योगासन नहीं होता बल्कि उन सभी योगासनों को रिकवरी योगा कहा जाता है, जिन्हें करने से शरीर और मन ठीक रहता है। शरीर में ऊर्जा होने का एहसास होता है और थकान से मुक्ति मिलती है। रिकवरी योगा विशेषकर उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है, जो मानसिक तनाव से ज्यादातर समय परेशान रहते हैं, किसी बड़ी बीमारी या शॉक के कारण उबर नहीं पा रहे हैं। रिकवरी योगा ऐसे धीमी गति वाले आसन हैं, जो गहरी सांस लेने और नियमित रूप से ध्यान करने से संबंधित होते हैं। रिकवरी योगा के लिए शशांकासन, विपरीतकर्णी आसन, शवासन और योग निद्रा जैसे अभ्यास शामिल हैं।

**मेंटल हेल्थ में कारगर:** एंग्जाइटी, डिप्रेशन आज बिल्कुल आम बीमारियां बन चुकी हैं। रिकवरी योगा खासकर मेडिटेशन और योग निद्रा इन समस्याओं से छुटकारा दिलाने में कारगर हैं। दरअसल ये योगा थकान और शरीर दर्द को कम करते हैं। लंबे समय तक काम करने की क्षमता को बढ़ाते हैं।

**इसलिए बढ़ रही पॉपुलैरिटी:** हाल के सालों में इनका चलन तेजी से बढ़ने की वजह है तेज रफ्तार जीवनशैली और उसके नतीजे में बढ़ता तनाव। आज की जीवनशैली खासतौर पर डिजिटल दुनिया, लोगों को लगातार व्यस्त रखकर न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी थका देता है। थकान की इस स्थिति को मैनेज करने के लिए और तनाव प्रबंधन के लिए यह कारगर है। पहले जो जीवनशैली संबंधी परेशानियां 45 या 50 की उम्र के बाद से परेशान करती थीं, आज ये परेशानियां कम उम्र में ही हमें दबोच ले रही हैं। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट प्रॉब्लम जैसी बीमारियां 30-40 साल की उम्र वालों में भी खूब फैल रही है। लोंगेविटी और रिकवरी योगा इन्हीं समस्याओं को दूर करने का महत्वपूर्ण हिस्सा है। *

## खबर संक्षेप

### गाड़ियां किराये पर लेकर हड़पने का आरोपी दबोचा

**भिवानी।** थाना तोशाम पुलिस ने फर्जी एग्रीमेंट के माध्यम से गाड़ियां किराये पर लेकर धोखाधड़ी से हड़पने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अशोक निवासी मिराण ने थाना तोशाम में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2024 में आरोपी ने उनके साथ एक एग्रीमेंट किया, जिसके आधार पर शिकायतकर्ता ने अपनी दो गाड़ियां किराये पर दी थीं। इसके बाद आरोपी ने न तो गाड़ियों का किराया दिया और न ही दोनों गाड़ियां वापस लौटाईं। थाना तोशाम में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना तोशाम के उप निरीक्षक उम्मेद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राहुल पुत्र राजेंद्र, निवासी गढ़ी वरन, जिला फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

### समीर खटीक ने की हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त से मुलाकात

**भिवानी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता समीर खटीक ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हरियाणा प्रभारी संजय एस. दत्त से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समीर खटीक कि संजय एस. दत्त का राजनीतिक जीवन कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया से प्रारंभ हुआ। छात्र राजनीति से संगठनात्मक कार्य करते हुए उन्होंने युवाओं और छात्रों के हितों की मजबूती से आवाज उठाई तथा अपनी मेहनत, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के दम पर कांग्रेस संगठन में राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई।

### 13 को दादरी विधायक के आवास का घेराव करेंगे निर्माण मजदूर

**बाढ़ड़ा।** संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक बाढ़ड़ा के इंटक कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू के ब्लॉक कोषाध्यक्ष रोशनलाल धारणी ने की, जबकि इंटक के ब्लॉक के नेता रवि कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। यूनियन सीटू के जिला संयोजक सुमेर सिंह, इंटक जिला प्रधान रामोतार खोरड़ा ने बैठक में सीटू और इंटक निर्माण मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में 13 जुलाई को दादरी विधायक सुनील सांगवान के आवास पर प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा आंदोलन को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति बनाई।

### एसआईआर कार्यक्रम को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाएः गुप्ता

**भिवानी।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने वीसी के माध्यम से एसआईआर अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य का डिजिटाइजेशन भी साथ साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत हो तो अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति की जाए। नागरिकों को एसआईआर के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए, ताकि मतदाता सूची का कार्य पारदर्शिता के साथ हो सके।

### कमला भवन में श्री अग्रसेन विवाह प्रकोष्ठ के कार्यालय का शुभारंभ

**भिवानी।** कमला भवन धर्मशाला में श्रीअग्रसेन विवाह प्रकोष्ठ के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। प्रकोष्ठ छोटी काशी के अग्रवाल समाज में लड़के लड़कियों की शादियों में हो रहे विलंब से चिंतित हैं, जिसको लेकर बुधवार को प्रकोष्ठ के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। प्रकोष्ठ के कार्यालय का प्रधान रामदेव तायल, सचिव सुरेंद्र जैन एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सुंदरलाल गोयल एवं नरेश गर्ग ने रिबन खोलकर शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ के पश्चात लोगों से सुझाव आमंत्रित किए।

## ढाई महीने पहले आए अंधड़ में ध्वस्त हो गए थे पोल

# बिजली दुरुस्त नहीं करने से तिगड़ाना के लोगों में रोष

**सैकड़ों किसानों ने कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बुधवार को तिगड़ाना से सैंकड़ो किसानों ने कार्यकारी अभियंता संदीप दलाल से उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण किसानों युद्धवीर सिंह, जितेंद्र, देसराज, कौशल, शिम्भु, चंद्रपाल, आनंद चौहान कृष्ण शर्मा पोपी आदि ने बताया कि पिछले ढाई महीने पहले आये अंधड़ में उनके इलाके के सैकड़ों एकड़ में बिजली के पोल ध्वस्त हो गए थे जिससे बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई थी जिसे बार बार जेई आशीष कुमार, विधायक कपूर बाल्मीकि एवं अन्य अधिकारियों को सूचित करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीण किसानों ने कहा कि अब समय धान एवं फसलों की बिजाई का है पर खेतों में बिजली ना होने के कारण बिजाई नहीं हो पा रही जिससे उन्हें भविष्य की चिंता सता रही है। उन्होंने आरोप लगाए कि विभाग जान बूझकर उनकी बिजली आपूर्ति भी ठीक नहीं कर रहा है। खेतों की बिजली पिछले ढाई महीने से भी ज्यादा समय से बिजली विभाग के कर्मचारी जान-बूझ कर ठीक नहीं कर रहे हैं। गौरतलब है कि किसान इस दौरान 7-8 बार पहले भी उनके दफ्तर में आ कर प्रार्थना कर चुके हैं। उपायुक्त भिवानी ने विभाग को 23 जून तक बिजली बहाल करने के आदेश दिये थे पर उस पर भी कोई अमल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि धान बिजाई समय पर नहीं हुई तो वे अपनी आजीविका कैसे चलाएंगे। किसानों ने कहा कि दो दिन के अन्दर बिजली ठीक ना होने पर वे धरना प्रदर्शन और रोड जाम करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।



**भिवानी।** कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## नशा मुक्ति संदेश यात्रा जिले के कई गांवों में पहुंची

# युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का दिया संदेश

**जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील बोले-भीषण जल संकट से जूझ रहा दक्षिण हरियाणा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिला कांग्रेस कमेटी दादरी द्वारा चलायी जा रही नशा मुक्ति संदेश यात्रा के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील ने कहा कि दक्षिण हरियाणा आज भीषण जल संकट से जूझ रहा है। अनेक क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जबकि किसान सिंचाई के पानी के अभाव में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में हरियाणा से राजस्थान को पानी दिए जाने के निर्णय पर राज्य सरकार को जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए कि दक्षिण हरियाणा की जल आवश्यकताओं की पूर्ति किस प्रकार की जाएगी।

जिला सचिव दलीप सिंह सांगवान द्वारा आयोजित नशा मुक्ति संदेश यात्रा बुधवार को चांगरोड, बालरोड, पालड़ी, बधवाना, बिलावल, बिंद्राबन, मांढी केहर एवं मांढी हरिया सहित विभिन्न गांवों में पहुंची। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने भी नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।



**चरखी दादरी।** नशा मुक्ति संदेश यात्रा के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर यात्रा आयोजक दलीप सिंह सांगवान ने कहा कि नशे की समस्या आज समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। इस दौरान जिला महासचिव रोहतास, जिला सचिव वीरेंद्र ढिल्लू, अमृत यादव, शीशराम यादव, एडवोकेट सुरेंद्र, अजीत सिंह, हरपाल सांगवान, करण सिंह, इंद्रजीत, अशोक कुमार, आनंद प्रकाश, संजय कुमार, सत्यवीर यादव, राकेश, राजकुमार, रणवीर शास्त्री, गुगन राम, रामफल रांगी, राजवीर, कर्मवीर रांगी, बलजीत सिंह, राजेश, विनोद आदि भी मौजूद रहे।

### संडवा के विकास सांगवान की सड़क हादसे में मौत

**तोशाम।** उत्तरप्रदेश पुलिस में तैनात गांव संडवा निवासी विकास सांगवान की उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा क्षेत्र में सोमवार रात सड़क हादसे में दर्दनांक मौत हो गई। जवान विकास का पैतृक गांव संडवा में बुधवार सुबह ग्रामीणों ने नम आंखों के साथ विदाई दी। घटना को लेकर गांव में भारी शोक है। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर में पशु विभाग की एक एंबुलेंस सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में एंबुलेंस में सवार मीरानपुर कटरा थाने के सिपाही विकास सांगवान, वेटरनरी चिकित्सक लक्ष्य सिंह और चालक अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। बरेली के एक निजी अस्पताल में सिपाही विकास सांगवान की मौत हो गई। तिलहर की सीओ इशिका सिंह ने बताया कि हादसा सोमवार रात करीब 11:30 बजे हुआ। एंबुलेंस को अनिल चला रहा था, जबकि सिपाही और चिकित्सक बैठे हुए थे। अचानक एंबुलेंस अनियंत्रित हो गई। मीरानपुर कटरा कस्बे से थोड़ा पहले सड़क किनारे खड़े ट्रक से एंबुलेंस टकरा गई।

# कांग्रेस की फितरत में भ्रम फैलाना और नफरत का बीज बोनाः हरि सिंह

- भाजपा की संस्कृति हर महापुरुष और दिवंगत आत्मा का सम्मान करने की रही : हरि सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

बुधवार को स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा हाल ही में एमरजेंसी को लेकर दिए गए बयान और उसके बाद पैदा हुए राजनीतिक विवाद पर चर्चा हुई। इस दौरान मौजूद भाजपा नेता एडवोकेट हरि सिंह सांगवान सहित समस्त भाजपा नेताओं ने केंद्रीय मंत्री के बयान पर भाजपा का पक्ष पूरी तरह से साफ किया तथा कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। इस मौके पर पत्रकारों से वार्तालाप के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से बौखला चुकी है और आम जनता को भाजपा के खिलाफ भडक़ाने का नाकाम प्रयास कर रही है, लेकिन उसकी यह मंशा कभी पूरी नहीं होगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जांगड़ा व वरिष्ठ भाजपा नेता हरिसिंह सांगवान ने कांग्रेस की राजनीतिक शैली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के बयान को तोड़-मरोडक़र लोगों को बरगलाने का षड्यंत्र कांग्रेस ने रचा है।



**तोशाम।** तोशाम में आयोजित बैठक में उपस्थित लोग। *फोटो : हरिभूमि*

# चौधरी बंसीलाल कॉलेज में रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू

- एमएससी के लिए कहीं दूर भटकना नहीं पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

इलाके के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को अब स्नाकोत्तर कक्षा अर्थात एमएससी के लिए कहीं दूर भटकना नहीं पड़ेगा। चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में इसी सत्र से रसायन विज्ञान में एमएससी की कक्षाएं शुरू कर दी है तथा 40 सीटें स्वीकृत की गई हैं। अब भिवानी, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ जिले के विज्ञान स्नातक विद्यार्थियों को लोहारू में ही एमएससी की सुविधा मिल पाएगी, ये जानकारी प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चहल ने दी। प्राचार्य डॉ. चहल ने इसे महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि स्वीकृति विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में आधुनिक रसायन प्रयोगशाला, समृद्ध पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष व अनुभवी प्राध्यापकों की उपलब्धता के कारण विद्यार्थियों को उच्च स्तर की शिक्षा एवं शोध का अनुकूल वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एमएससी रसायन विज्ञान की शुरुआत से विज्ञान विषय के विद्यार्थियों को अब स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

## न्यूज डायरी



### चिकित्सकों और सीए को किया सम्मानित

**भिवानी।** नेशनल डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर सामाजिक सरोकारों में सदैव अग्रणी रहने वाली संस्था भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा भिवानी ने बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान भाविप के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, शाखा अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ, गतिविधि संयोजक सेवा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा, शाखा सचिव जगदीशचंद्र शर्मा ने सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य, सीनियर सर्जन डॉ. सुनील कुमार, मेडिकल ऑफिसर डॉ. बलवान सिंह, डॉ. शिवशंकर भारद्वाज, डॉ. सतबीर यादव, डॉ. कमला भारद्वाज, डॉ. अनन्त बासोतिया, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. एनके गर्ग, डॉ. संध्या गर्ग, डॉ. सुमित गोयल, डॉ. त्रिलोकी गुप्ता, डॉ. साक्षी मेहता सहित सीए ललित अग्रवाल, सीए ऋषि भारद्वाज आदि को सम्मानित किया।



### गैर पंजीकृत चिकित्सकों से बचने की अपील

**बहल।** महान चिकित्सक भारत रत्न डॉ. बिधानचंद्र राय की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मानव कल्याण ट्रस्ट अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए चिकित्सा क्षेत्र में अधूरे ज्ञान से हो रहे मानव खिलवाड़ के प्रति गहरी चिंता जताई व लोगों को गैर पंजीकृत चिकित्सकों से किसी प्रकार के रोग की चिकित्सा या परामर्श लेने से बचने की अपील की। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बीआरसीएम संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने कहा कि यह दिवस उन सभी चिकित्सकों को समर्पित है जो मानव सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए दिन रात मरीजों के स्वास्थ्य रक्षा के लिए प्रयासरत रहते हैं।

### तोशाम को जाम मुक्त व हरा-भरा बनाने का संकल्प

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार के कुशल मार्ग दर्शन में व्यापारियों की बीडीपीओ ब्लॉक में बैठक आयोजित की गई। पंचायत, प्रशासन और व्यापारियों की सयुंक्त बैठक में सामूहिक फैसला लेकर तोशाम को जाम मुक्त औऱ हरा भरा बनाने में व्यापारियों अनूठी पहल शुरु कर रहे हैं। सुरेंद्र सिंह चौक से हर्बल पार्क भिवानी रोड रॉल मॉडल बनाया जाएगा। तोशाम को हरा भरा और जाम मुक्त बनाने में हर नागरिक को भागीदार बनाने का बेहतर क्रियानवन के लिए यह निर्णय लिया है। बैठक में रॉल मॉडल बनाने के लिए दुकानदारों, रेहड़ी संचालको सहित तमाम व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के लिए सुझाव सांझे किए गए।



**बाढ़ड़ा।** काली पट्टी बांधकर रोष प्रकट करते जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

### भत्तों का भुगतान नहीं करने के विरोध में कर्मचारियों का काली पट्टी आंदोलन शुरू

**बाढ़ड़ा।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन बाढ़ड़ा कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव ने 10 जून को जारी आदेश के बावजूद 17 माह से साबुन, डांगरी, रिस्क भत्ता व अन्य देय भत्तों का भुगतान न करने के विरोध में एक जुलाई से काली पट्टी आंदोलन शुरू कर दिया है। यूनियन प्रधान सुमित कादयान के नेतृत्व में यूनियन मुख्यालय बाढ़ड़ा पर सैंकड़ों कर्मचारियों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर कार्य शुरू किया। यूनियन ने कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग चरखी दादरी को 15 जुलाई शाम पांच बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने बताया कि 30 जून को हुई आम सभा में 10 से अधिक कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। कार्यकारी अभियंता कार्यालय द्वारा तीन माह का समय मांगना मुख्य सचिव के आदेश की सीधी अवहेलना है।

# युवा शक्ति के दम पर भारत फिर बनेगा विश्व गुरु : मोहित चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



- 65 प्रतिशत से अधिक आबादी की आयु 35 वर्ष से कम

भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह के सुपुत्र एवं भाजपा के युवा नेता मोहित चौधरी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति ही देश को विश्व गुरु (वर्ल्ड लीडर) बनाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाएगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास), इनोवेशन (नवाचार) और स्टार्टअप (नवउद्यम) के क्षेत्र में आगे आएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनें। मोहित चौधरी ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह डेमोग्राफिक डिविडेंड (जनसांख्यिकीय लाभांश) ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है और युवा सही दिशा में मेहनत करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और शिक्षा, खेल,अनुसंधान और उद्यमिता को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

**अपनी पहचान बना रहा युवा**

डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसे अभियान युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आए हैं। चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया और पीएम कौशल विकास योजना जैसी योजनाएं चला रही है। युवाओं को इनका लाभ उठाकर रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का युवा टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

## पेयजल और जल निकासी की 15 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी

# बवानीखेड़ा विस क्षेत्र के विकास पर खर्च होंगे 167.33 करोड़

*स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ेगी, पुरानी जलापूर्ति लाइनों का नवीनीकरण होगा*

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और जल निकासी की समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं बवानीखेड़ा शहर के लिए 167.33 करोड़ (16,732.79 लाख रुपये) की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ेगी, पुरानी जलापूर्ति लाइनों का नवीनीकरण होगा तथा बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं के तहत गांव गुजरानी के लिए 799.48 लाख, सैय के लिए 994.70 लाख, सुई के लिए 822.75 लाख, तालू के लिए 2,193.54 लाख, बलियाली, रामपुरा और जमालपुर के लिए 2,359.87 लाख, भैणी ठाकरान एवं भैणी जाटान के लिए 1,004.31 लाख, ढाणी खुशहाल के लिए 355.64 लाख, जीताखेड़ी के लिए 321.50 लाख, खेड़ी दौलतपुर के लिए 570.88 लाख, लोहारी जाटू के लिए 1,697.89 लाख, मिलकपुर के लिए 482.47 लाख, पुर के लिए 2,050.93 लाख, रोहनात के लिए 968.66 लाख, सिकंदरपुर के लिए 253.49 लाख तथा बवानीखेड़ा शहर में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण के लिए 1,856.68 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

**जर्जर पेयजल पाइपलाइन बदली जाएंगी**

विधायक ने कहा कि इन परियोजनाओं के तहत जहां जरूरत होगी वहां पुरानी एवं जर्जर पेयजल पाइपलाइन बदली जाएगी, नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी तथा जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। वहीं बवानीखेड़ा शहर में आधुनिक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनने से बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत ये परियोजनाएं विकास को नई गति देंगी और हजारों परिवारों को सीधे तौर पर लाभान्वित करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने के बाद बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल एवं जल निकासी व्यवस्था पहले से अधिक सुदृढ़ होगी और लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी प्रकार की नई परियोजनाएं स्वीकृत होती रहेंगी।

# बरसात के दौरान शहर में नहीं होगा जलभरावः उपायुक्त

**चरखी दादरी।** दादरी शहर विशेषकर बाजार के क्षेत्र के लोगों को इस बार बरसात के दौरान परेशानी का सामना नहीं करना पडेगा। पूरी उम्मीद है कि इस बार बरसात के कारण शहर में जलभराव नहीं होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए डूंगर वाले जोहड़ के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है। उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशानुसार शहर के डूंगर वाले जोहड को खाली करवाया गया। अब उन्होंने जोहड़ को चौड़ा करवाते हुए इसकी क्षमता बढ़ाने का कार्य शुरू करवाया हुआ है जोकि अंतिम चरण में है। उपायुक्त स्वयं इस कार्य की निगरानी रख रही हैं और हर रोज मौके पर जाकर स्थित का जायजा लेती हैं। इस काम के लिए पोकलेन मशीनें लगाई गई हैं, ताकि आगामी बारिश शुरू होने से पहले काम को पूरा किया जा सके। जोहड़ की समय पर सफाई और क्षमता बढ़ाने से शहर के मुख्य हिस्सों में ड्रेनेज सिस्टम बेहतर होगा। उपायुक्त के निर्देशों पर कीकरवासनी क्षेत्र से भी पानी निकालने का काम तेजी से किया जा रहा है।



**चरखी दादरी।** डूंगर वाला जोहड़ का निरीक्षण करतीं उपायुक्त मनदीप कौर।

## खबर संक्षेप

### उच्च शिक्षा के लिए छात्राओं को मिलेगा 5% ब्याज अनुदान

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि हरियाणा सरकार लड़कियों एवं महिलाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से शिक्षा ऋण पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान कर रही है। इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिक ब्याज दर के कारण कोई भी छात्रा या महिला उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। एडीसी ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से यह योजना संचालित की जा रही है।

### मीना परमार कल भिवानी दौरे पर

**भिवानी।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार दो जुलाई को भिवानी जिले के दौरे पर रहेंगी। अपने आधिकारिक दौरे के दौरान वे जिले में महिलाओं से संबंधित विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष मीना परमार सुबह 10 बजे जिला जेल का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद सुबह 11 बजे नागरिक अस्पताल भिवानी का दौरा करेंगी। दोपहर 12 बजे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करने के उपरांत दोपहर 12.30 बजे महिला थाना भिवानी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी।

### तोशाम में सहकारिता किसान सम्मान दिवस मनाया

**तोशाम।** सहकारिता बैंक भिवानी की शाखा तोशाम में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सहकारिता किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहकारी बैंक के महाप्रबन्धक दिनेश सिंह चौहान ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की और उन्होंने उपस्थित किसानों और बैंक के खाता धारकों को बैंक की किसान क्रेडिट कार्ड एवं डीबीटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने। कहा सहकार बंधु सहकारिता से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकते है और बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते है।

# 20 करोड़ रूपये की लागत से तैयार 42 अमृत सरोवरों का हुआ लोकार्पण

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नारायणगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का वर्चुयल माध्यम से डीआरडीए हॉल में दिखाया गया सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी


भिवानी। अमृत सरोवरों का उदघाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अंबाला जिला के नारायणगढ़ से प्रदेशभर में अमृत सरोवर प्लस योजना के तहत 325 विकसित अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया, जिनमें भिवानी जिले के 42 सरोवर शामिल हैं। डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी, महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हरि सिह सांगवान व प्रदीप गोलागढ़, भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ के प्रतिनिधि के तौर पर उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता सर्राफ, बवानीखेड़ा से विधायक कपूर वाल्मीकि के भाई मास्टर राजेश व विनीत कुमार, एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, जिला परिषद के डिप्टी सीईओ रविंद्र दलाल, सीएमजीजी रिषव रंजन व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमबीर कादयान भी मौजूद रहे।

डीसी श्री गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम के दौरान भिवानी जिले के सभी 42 अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया गया। इन तालाबों पर लगभग 20 करोड़ रूपए की लागत आई है। तालाब क्षेत्र में लाइटों से प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ सौंदर्यीकरण किया गया है। इस दौरान डीसी ने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण से वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा, भूजल स्तर में सुधार होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना।

### अमृत प्लस सरोवरों के उद्घाटन में किस गांव के तालाब पर कितना हुआ खर्च

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के 325 तालाबों में जिले के विभिन्न गांवों में विकसित 42 अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन किया। योजना के तहत तालाबों एवं जोहड़ों में बवानीखेड़ा, बहल, भिवानी, कैरू, लोहारू, सिवानी और तोशाम खंड के गांव शामिल हैं। इन तालाबों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण पर कुल 2098.16 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। तिगड़ाना गांव के तालाब पर 165.15 लाख रुपये खर्च हुए हैं, जबकि देवसर में 114.83 लाख और खरक कलां में 110.35 लाख रुपये की लागत आई। इसके अलावा रेवाड़ी खेड़ा में 99.27 लाख, रतेरा में 76.30 लाख, बामला-1 में 70.47 लाख, मिळी में 68.27 लाख, रेवाड़ी खेड़ा में 68.22 लाख, किरावड़ में 64.57 लाख, चांग में 59.83 लाख, पालुवास में 57.39 लाख, बलियाली में 53.68 लाख, ढ़ाणी माहू में 49.98 लाख, इंदीवाली में 48.78 लाख, सुई में 45.58 लाख, धनाना-तृतीय में 45.06 लाख, मुंढाल खुर्द में 44.30 लाख, बड़सी गुजरान में 42.19 लाख, पुर में 42.20 लाख, धारेडू में 42.54 लाख, मिरान में 42.09 लाख, झुल्ली में 41.70 लाख, खावा में 40.72 लाख, किरावड़ में 40.82 लाख, ढ़ाणी माहू में 39.99 लाख, खरक खुर्द में 33.67 लाख, बलियाली में 33.62 लाख, सहरयारपुर में 33.81 लाख, मिरान में 33.48 लाख, खरक कलां में 31.36 लाख, संडवा में 31.64 लाख, खानक में 30.37 लाख, बड़दू धीरजा में 29.98 लाख, थिलोड़ में 33.09 लाख, थिलोड़ में 25.49 लाख, गारनपुरा कलां में 24.99 लाख, खानक में 18.20 लाख, गागड़वास में 18.17 लाख, पूर्णपुरा में 43.36 लाख, कासनी खुर्द में 44.31 लाख, छपार जोगियान में 44.59 लाख तथा अमीरवास में 13.75 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। उद्घाटन के साथ ये अमृत प्लस सरोवर ग्रामीणों को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं का लाभ प्रदान करेंगे।

### मिलकपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में एडीसी ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

# ड्यूटी के प्रति लापरवाह पटवारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी



भिवानी। बाबा बम्बगिरी जोहड़ का निरीक्षण करते एडीसी तथा रात्री ठहराव में उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार के रात्रि ठहराव कार्यक्रम की मुहिम के तहत मंगलवार रात्रि को गांव मिलकपुर में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित हुआ। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने गांव स्थित शहीद जोगेंद्र कुमार राजकीय उच्च विद्यालय में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने गांव में कार्यरत पटवारी की ड्यूटी के प्रति लापरवाही की शिकायत रखी। एडीसी ने तुरन्त प्रभाव से लिंक पटवारी की नियुक्ति किए जाने और तहसीलदार को पटवारी के खिलाफ उचित विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसडीएम महेश कुमार, जिला परिषद के डिप्टी सीईओ रविन्द्र दलाल, डीडीपीओ सोमबीर कादयान सहित अनेक विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याएं एडीसी के समक्ष रखीं, जिनमें बिजली, सडक़, स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, पशु चिकित्सा केंद्र, परिवार पहचान पत्र से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। एडीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति को समय पर पूरा लाभ मिले। एडीसी ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम में मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया। एडीसी ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम केवल एक प्रशासनिक गतिविधि नहीं बल्कि यह सरकार की जन संवाद की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके माध्यम से प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंच रहा है, जिससे समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने में पारदर्शिता आई है।

इससे पहले एडीसी ने गांव स्थित बाबा बम्बगिरी जोहड़ का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की कलाकार मंडली ने हरियाणवी लोकगीतों के माध्यम से स्वच्छता पखवाड़ा, नशा मुक्ति और केंद्र व प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शिक्षा, परिवहन, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, क्रीड, कल्याण विभाग और बिजली विभाग आदि विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई।

### एडीसी ने शहीद की माता को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने 1999 में ऑपरेशन मेघदूत के दौरान शहीद हुए जोगेंद्र कुमार की माता शकुंतला को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं प्रशासन के गांव में पहुंचने पर सरपंच भीम सिंह, समाजसेवी आनन्द यादव, बबली नंबरदार, पूर्व सरपंच रामस्वरूप और ग्राम विकास मंडल मिलकपुर के सदस्यों ने एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम महेश कुमार, जिला परिषद के डिप्टी सीईओ रविन्द्र दलाल, डीएसपी दलीप को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों का अभिनन्दन किया। प्रसिद्ध समाजसेवी व आनन्द भ_ संचालक आनन्द यादव ने मंच के माध्यम से अधिकारियों का स्वागत किया। एडीसी ने गांव के युवा नीरज का आईआईटी गोवाहटी में दाखिला होने पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज डायरी

### कच्ची गलियों का जल्द लगेगा टेंडर: भवानी प्रताप

**भिवानी।** नगर परिषद कार्यालय में डॉ. अम्बेडकर कॉलोनी निवासियों, पीपलीवाली जोहड़ी के स्थानीय लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने चैयर्पसन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह से मुलाकात की। इस मौके पर भवानी प्रताप सिंह ने शहर के क्षेत्र वार्ड 14 के डॉ. अम्बेडकर कालोनी, पीपली वाली जोहड़ी क्षेत्र एवं वार्ड 13 के कोंट रोड डॉग फार्म के पीछे के क्षेत्र को अप्रुड करवाएं जाने पर नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि अब अप्रुड हुए इन क्षेत्रों में तेजी के साथ काम होंगे, जिससे की कच्ची गलियों को पक्का करवाने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने बताया की वार्ड 14 के कोयला भट्ठी क्षेत्र की कच्ची गलियों, पीपली वाली जोहड़ी गली नंबर 10 के साथ कच्ची गलियों, डॉ. अम्बेडकर कालोनी की कच्ची गलियों व काली माता मंदिर के पास कच्ची गलियों का टेंडर लगा दिया, जो जल्द ही पक्की की जाएगी। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने भवानी प्रताप सिंह का वर्षों से अधूरे काम को करवाने पर मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

### अनेक कर्मचारी एचएसईबी वर्करज यूनियन में हुए शामिल

**भिवानी।** हरियाणा के बिजली कर्मचारियों के बीच सांगठनिक स्तर पर एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कर्मचारी हितों और मजबूत नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन को एक बड़ा झटका लगा है। यूनियन के कई वरिष्ठ और सक्रिय पदाधिकारियों ने अपने साथियों सहित इस संगठन को अलविदा कह दिया है। इस दौरान डिप्टी सुप्रीडेंट पवन कुमार, एलडीसी अमित कुमार, एएलएम सतीश और एएलएम जगदीश ने अपने तमाम समर्थकों और साथियों के साथ मिलकर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (एचएसईबी) वर्करज यूनियन हैड ऑफिस संबद्ध हरियाणा कर्मचारी महासंघ में अपनी आस्था जताई। यूनियन के स्थानीय कार्यालय में आयोजित आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त सदस्यों का जोरदार स्वागत किया गया। एचएसईबी वर्करज यूनियन के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला के नेतृत्व में संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नए सदस्यों को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका संगठन में गर्मजोशी से स्वागत किया।

### अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ नरेंद्र चाहर सेवानिवृत्त



**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय भिवानी के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटीज एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गनाइजेशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ नरेंद्र चाहर 32 वर्षों की शानदार सेवाओं के पश्चात सेवानिवृत हो गए। वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति द्वारा उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया।समारोह में वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति द्वारा डॉ नरेंद्र चाहर को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### एआई पर सीबीएसई इन-हाउस प्रशिक्षण का आयोजन



**चरखी दादरी।** एच.डी. पब्लिक स्कूल, बिरोहड़ के संस्कार सभागार में सीबीएसई के तत्वावधान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अवधारणा, विद्यालयी शिक्षा में इसके प्रभावी उपयोग तथा भविष्य की शिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाना था। कार्यक्रम में सीबीएसई रिसोर्स पर्सन अमित दहिया ने शिक्षकों को एआई के विभिन्न आयामों, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में इसके उपयोग, एआई आधारित डिजिटल टूल्स, नैतिक एवं जिम्मेदार एआई के प्रयोग तथा विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल विकसित करने के प्रभावी तरीकों की विस्तृत जानकारी दी।

### जिले में 11 केंद्रों पर 6,648 अभ्यर्थी देंगे एचटेट



**चरखी दादरी।** एचटेट के सफल संचालन को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी उपायुक्तों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में किसी भी स्तर पर कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए। जिला प्रशासन समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर ले। वीसी के बाद उपायुक्त मनदीप कौर ने बुधवार को संबंधित अधिकारियों के साथ एचटेट को लेकर बैठक की। जिले में 4 व 5 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के सुव्यवस्थित व नकल-विहीन संचालन के लिए जिले में तैयारियां कर ली गई हैं। इसको लेकर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं और साथ ही परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में जिले में 6 हजार 648 अभ्यर्थी 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ट होंगे।

### 'बैक टू स्कूल' के पहले दिन को बेहद खास बनाया




**बवानीखेड़ा।** बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में भीषण गर्मी और छुट्टियों के लंबे अंतराल के बाद शैक्षणिक सत्र का दोबारा शंखनाद हुआ। जुलाई के इस प्रथम दिन स्कूल परिसर एक बार फिर बच्चों की खिलखिलाहट और रौनक से गूंज उठा। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने मिलकर बच्चों के इस 'बैक टू स्कूल' के पहले दिन को बेहद खास और यादगार बना दिया। सुबह जैसे ही छात्र-छात्राएं स्कूल के मुख्य द्वार पर पहुँचे, उनका स्वागत बेहद पारंपरिक और भारतीय संस्कृति के अनुसार किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा व शिक्षक, शिक्षिकाओं ने मुख्य द्वार पर खड़े होकर सभी बच्चों का 'वेलकम तिलक' (चंदन-रोली का टीका) लगाकर और उन पर फूलों की वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। कई नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरों पर स्कूल लौटने की खुशी और उत्साह साफ देखा जा सकता था। स्वागत के बाद स्कूल के प्रांगण में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। शिक्षकों ने बच्चों के स्वागत में कुछ प्रेरक बातें भी बताई, जिससे स्कूल का माहौल बेहद खुशनुमा हो गया।

# सुन्दर ब्रांच नहर में पानी की मांग को लेकर महिलाएं बैठी धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। मांगों को लेकर धरने पर बैठी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

सुन्दर ब्रांच नहर में नियमित और पर्याप्त पानी की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में गांव जमालपुर में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है। धरने में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भी भाग लेकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। किसानों ने सरकार और सिंचाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर बैठे किसानों में प्रहलाद, हंसराज, ज्ञानीराम, सतीष, हंसराज, राजेश कुमार आदि ने कहा कि सुन्दर ब्रांच नहर में लंबे समय से पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जा रहा है, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक माह कम से कम 15 दिन तक नहर में पूरा पानी छोड़ा जाए, वर्ष में दो बार नहरों की नियमित सफाई कराई जाए तथा वाटर टैंकों तक भी पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। धरनास्थल पर महिलाओं ने कहा कि पानी की कमी का सबसे अधिक असर खेती के साथ-साथ ग्रामीण जीवन पर भी पड़ता है।

### सीजेएम पवन कुमार ने जिला जेल व सेफ हाउस का किया औचक निरीक्षण

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप कौर सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने बुधवार को स्थानीय जिला कारागार तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों एवं सेफ हाउस में रह रहे लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कारागार में सीजेएम पवन कुमार ने कैदियों एवं हवालातियों से बातचीत कर उनके मामलों में आ रही कानूनी कठिनाइयों और अन्य समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने जेल की विभिन्न बैरकों, कानूनी सहायता क्लीनिक और जेल अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

### तालू में विजेता बेटी का जोरदार स्वागत



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के गाँव तालू की लाडली बेटी रितिका ने जम्मू-कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर हरियाणा का नाम रोशन किया है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर-19 जूनियर गर्ल्स 460 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसी विजेता टीम का हिस्सा रही तालू गांव की बेटी रितिका। रितिका के पिता अरविंद ने बताया कि यह उनके लिए बेहद सम्मान का पल है कि उनकी बेटी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा टीम की ओर से हिस्सा लिया और शानदार उपलब्धि हासिल की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### मुकदमा वापस ना लेने पर शिकायतकर्ता को दी धमकी

**भिवानी।** बाड़ी मौहल्ला के रहने वाले एक व्यापारी को धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाना उस समय भारी पड़ गया, जब आरोपी के भाई ने उसे फोन पर सीधे गोली मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। साथ ही धमकी वाली कॉल की रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंप दी है। शिकायतकर्ता आनंद कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उन्होंने गैर-कानूनी तरीके से संपत्ति का नाम तब्दील करवाने के मामले में जांच के बाद थाना शहर, भिवानी में 28 मई को मुकदमा दर्ज कराया था। आनंद कुमार का आरोप है कि इस मुकदमे में मुख्य आरोपी को फंसता देख, उसके भाई ने उनके मोबाइल पर फोन किया। आरोपी के भाई ने आनंद पर राजीनामा करने का नाजायज दबाव बनाया और साफ शब्दों में धमकी दी कि अगर राजीनामा नहीं किया तो गोली मार दूंगा।

**मांग** अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधिमंडल ने चेयपर्सन प्रतिनिधि को सौंपा मांगपत्र

# हनुमान गेट चौक पर बनेगा संत शिरोमणि गुरु रविदास द्वार : भवानी प्रताप

- रोहतक गेट से हालुवास गेट तक नगर परिषद लगाएगी डॉ. अम्बेडकर मार्ग के साईन बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी


भिवानी। चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप को हनुमान गेट चौक का गुरु रविदास द्वार बनाने को लेकर मांगपत्र सौंपते समाज का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

शहर के हनुमान गेट पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का द्वार बनाया जाएगा, इसके लिए चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने जल्द कार्य शुरू करवाने की बात कही। नगर परिषद कार्यालय में शहर के अनेक अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधि मंडल सदस्यों ने भवानी प्रताप सिंह से मुलाकात की, जिसपर उन्होंने डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह के दौरान की गई घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए हनुमान गेट पर संत शिरोमणि गुरु रविदास द्वार बनाने को स्वीकृति प्रदान की। हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजू मेहरा,संतलाल फौजी प्रधान हनुमान गेट, दयाकिशन मास्टर प्रधान अम्बेडकर कालोनी, सीताराम लांग्यान, पूर्व पार्षद प्रकाशचंद गोठवाल, वाल्मीकि सभा अध्यक्ष कर्नेल बागड़ी, पूर्व पार्षद दलबीर छोटू आदि ने बताया की पिछले दिनों डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह के आयोजन पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने हनुमान गेट चौक पर संत शिरोमणि गुरु रविदास द्वार बनाने की घोषणा की थी, जिसपर काम हो रहा है और जल्द ही संत शिरोमणि गुरु रविदास द्वार बनकर तैयार होगा।

### सुंदरता में भिवानी को हरियाणा का नं. 1 बनाएंगे

भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि रोहतक गेट से हालुवास तक के मार्ग का नवीनीकरण करके डॉ. अम्बेडकर मार्ग के साईन बोर्ड भी जल्द लगवाएं जाएंगे। भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि हम भिवानी शहर को सुंदरता में हरियाणा में नंबर एक बनाने का काम करेंगे। शहर के फुटपाथों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है व कच्ची गलियों को पक्का किया जा रहा है। इस अवसर पर पवन डेहनीवाल, हेडमास्टर हरी सिंह, सुभाष,चेतराम, अजीत फौजी,पवन, प्रवीन पोंगी, अमित घोष, विजय मढावत, पंजाब सिंह व बंटी अली आदि उपस्थित थे।